Yehi Raat Antim Yehi Raat Bhaari Lyrics

हिंदी

यही रात अंतिम यही रात भारी
बस एक रात की अब कहानी है सारी
यही रात अंतिम यही रात भारी

नहीं बन्धु बांधव न कोई सहायक
अकेला है लंका में लंका का नायक
सभी रत्न बहुमूल्य रण में गंवाए
लगे घाव ऐसे के भर भी न पाए

दशानन इसी सोच में जागता है
के जो हो रहा उसका परिणाम क्या है
ये बाज़ी अभी तक न जीती ना हारी
यही रात अंतिम यही रात भारी
यही रात अंतिम यही रात भारी

हो भगवान मानव तो समझेगा इतना
के मानव के जीवन में संघर्ष कितना
विजय अंततः धर्म वीरों की होती
पर इतना सहज भी नहीं है ये मोती

बहुत हो चुकि युद्ध में व्यर्थ हानि
लिरिक्सबोगी.कॉम
पहुँच जाये परिणाम तक अब कहानी
वचन पूर्ण हो देवता हों सुखारी
यही रात अंतिम यही रात भारी
यही रात अंतिम यही रात भारी

समर में सदा एक ही पक्ष जीता
जयी होगी मंदोदरी या कि सीता
किसी मांग से उसकी लाली मिटेगी
कोई एक ही कल सुहागन रहेगी

भला धर्म से पाप कब तक लड़ेगा
या झुकना पड़ेगा या मिटना पड़ेगा
विचारों में मंदोदरी है बेचारी
यही रात अंतिम यही रात भारी
यही रात अंतिम यही रात भारी

ये एक रात मानो युगों से बड़ी है
ये सीता के धीरज कि अंतिम कड़ी है
प्रतीक्षा का विष और कितना पिएगी

बिना प्राण के देह कैसे जियेगी

कहे राम रोम अब तो राम आ भी जाओ
दिखाओ दरस अब न इतना रुलाओ
के रो रो के मर जाए सीता तुम्हारी
यही रात अंतिम यही रात भारी

यही रात अंतिम यही रात भारी
बस एक रात की अब कहानी है सारी
यही रात अंतिम यही रात भारी
यही रात अंतिम यही रात भारी.

More Lyrics from Ramayan

English

Yahi raat antim yahi raat bhaari
Bas ek raat ki abb kahani hai sari
Yahi raat antim yahi raat bhaari

Nahi bandhu bandhav na koi sahayak
Akela hai lanka mein lanka ka nayak
Sabhi ratna bahumulya ran mein gavaye
Lage ghav aise ke bhar bhi na paaye

Dashanan ishi soch mein jagta hai
Ke jo ho raha hai uska parinam kya hai
Ye baaji abhi tak na jeeti na hari
Yahi raat antim yahi raat bhaari
Yahi raat antim yahi raat bhaari

Ho bhagvaan manav to samjhega itna
Ki manav ke jeevan me sangharsh kitna
Vijay antatah dharm veero ki hoti
Par itna sahaj bhi nahi hai ye moti

Bahut ho chuki yudh mein vyarth hani
Pahuch jaye parinaam tak abb kahani
Vachan purn ho devta ho sukhari
Lyricsbogie.com
Yahi raat antim yahi raat bhaari
Yahi raat antim yahi raat bhaari

Samar mein sada ek hi paksh jeeta
Jayi hogi mandodari ya ki sita
Kisi maag se uski lali mitegi
Koi ek hi kal suhagan rahegi

Bhala dharm se paap kab tak ladega
Ya jhukna padega ya mitna padega
Bicharo mein mandodari hai bechari
Yahi raat antim yahi raat bhaari
Yahi raat antim yahi raat bhaari

Ye ek raat mano yugo se badi hai
Ye sita ke dheeraj ki antim kadi hai
Pratiksha ka vish aur kitna piyegi
Bina pran ke deh kaise jiyegi

Kahe ram rom abb to ram aa bhi jaao
Dikhayo darash abb to na itna rulao
Ke ro ro ke mar jaaye sita tumhari

Yahi raat antim yahi raat bhaari
Bas ek raat ki abb kahani hai sari
Yahi raat antim yahi raat bhaari
Yahi raat antim yahi raat bhaari.

More Lyrics from Ramayan